मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-88
**27/01/2023**

# मुख्यमंत्री ने पारस एच0एम0आर0आई0 हॉस्पिटल में पलमोनोलॉजी क्रिटिकल केयर यूनिट का किया उद्घाटन

पटना, 27 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पारस एच0एम0आर0आई0 हॉस्पिटल में पलमोनोलॉजी (श्वसन चिकित्सा) क्रिटिकल केयर यूनिट के शिलापट्ट का अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। अस्पताल प्रबंधन द्वारा मुख्यमंत्री को पुष्प–गुच्छ, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया गया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने पलमोनोलॉजी क्रिटिकल केयर यूनिट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने पलमोनोलॉजी क्रिटिकल केयर यूनिट के माध्यम से फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों के संबंध में मरीजों को दी जाने वाली चिकित्सकीय सुविधाओं के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री को बताया कि पारस एच0एम0आर0आई0 हॉस्पिटल में फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों के लिए बिहार का सर्वप्रथम पल्मोनरी क्रिटिकल केयर आई0सी0यू0 की शुरुआत आज आपके द्वारा की गयी है। 16 बेड की क्षमता वाले इस यूनिट में फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों के लिए 24 घंटे समर्पित आई0सी0यू0 की टीम मुश्तैद रहेगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी श्री मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मानवजीत सिंह ढिल्लो, पारस एच0एम0आर0आई0 हॉस्पिटल, पटना के डायरेक्टर जनरल सर्जरी डॉ0 ए0ए0 हई, पारस हेल्थकेयर ईस्ट के क्षेत्रीय निदेशक डॉ0 सुहास आराध्ये, डॉ0 प्रकाश सिन्हा सहित अस्पताल के अन्य चिकित्सकगण एवं पारा मेडिकल स्टाफ उपस्थित थे।

******